प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में भक्त प्रह्लाद जी की शोभायात्रा में शामिल होकर लोगों के साथ खेली फूलों की होली : कहा– एकता का संदेश देता है यह पर्व।
2. होली और जुमे की नमाज़ को दखते हुए प्रदेश में हाई अलर्ट जारी : डीजीपी प्रशांत कुमार ने संवेदनशील ज़िलों में खास सतर्कता बरतने के दिए निर्देश।
3. उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती का रिजल्ट घोषित : मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को दी बधाई : कहा– 12 हजार से अधिक बेटियां बनेंगी यूपी पुलिस का हिस्सा।

और

4. राज्य के पश्चिमी इलाकों में अगले 48 घंटों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना : मौसम विभाग के मुताबिक तापमान में आयेगी 2 से 3 डिग्री की गिरावट।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में पांडेयहाता से निकलने वाली भक्त प्रह्लाद जी की शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भक्त प्रह्लाद की आरती करने के बाद लोगों के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे पर्व और

त्योहार एकता का संदेश देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली के पर्व पर हमें बिना भेदभाव के शालीनता के साथ परम्पराओं को आगे बढ़ाना चाहिए। बाइट.....

*होली हमें संदेश देता है एक दूसरे से गले मिलेंगे लेकिन कोई भेदभाव नहीं करेंगे सबको गले लगाएँगे अपने मतभेदों को समाप्त करेंगे और इस आयोजन के साथ हम सब जुड़ने जा रहे हैं। आज होलीका दहन होने जा रहा है और इस अवसर। पर अपने जीवन में उन समार्गो का अनुसरण करके हम आगे बढ़े लोक कल्याण के पथ पर अपने आपको आगे बढ़ाने और हमारे लिए सबसे बड़ा धर्म होना चाहिए वह है अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव।*

——————————

प्रदेशभर में आज होलिका दहन के बाद कल हर्षोल्लास के साथ होली का त्योहार मनाया जायेगा। उधर, ब्रज में रंगोत्सव पूरे उत्साह के साथ जारी है। समूचे ब्रजमण्डल की गलियों और चौराहों पर रखी गई होलिकाओं को आकर्षक रूप से सजाया गया है। इसके अलावा जगह जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में होली मनाने के लिए देश विदेश से भक्त पहुंच रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*श्री बांके बिहारी मंदिर में हर तरफ रंग और गुलाल में सराबोर भक्त उत्सव मनाते नज़र आ रहे हैं। मंदिर के गोस्वामी भक्तों पर रंग और गुलाल की बरसात कर रहे हैं। ब्रज क्षेत्र में हर चौराहे पर भव्य होलिका सजाई गई हैं। हालांकि मथुरा की होलीवाली गली में विशेष रूप से सजाई गई विशाल होलिका को देखने लोग दूर दूर से आ रहे हैं। देर शाम होलिका दहन किया जाएगा। वहीं फालैन की परम्परा के अनुसार आज 12 गांवों के लोग एक*

*परिवार की तरह एक ही स्थान पर होलिका दहन करेंगे। उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

इससे पहले कल शाम वृन्दावन के गोपीनाथ मंदिर में एक हज़ार से अधिक विधवा महिलाओं ने होली खेली।

—————————

बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी भी होली के रंग में सराबोर है। सड़कों से लेकर गलियों और गंगा घाटों तक लोग होली का जश्न मना रहे हैं। एक रिपोर्ट.....

*कला, संस्कृति और अध्यात्म की नगरी काशी की होली काशीपुराधिपति से जुड़ी है । यहां माता पार्वती के गौने यानी रंगभरी एकादशी पर काशीवासी बाबा विश्वनाथ और मां गौरा को गुलाल अर्पित करके फगुआ की अनुमति लेते हैं और होली की यह मस्ती काशी के घाटों सहित गलियों में जारी हो जाती है। वाराणसी के घाटों पर लोगों के रंग खेलने का सिलसिला शुरू हो चुका है। स्थानीय लोगों के साथ विदेशों से आए पर्यटक भी रंगों के इस पर्व का भरपूर आनंद ले रहे हैं। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होली पर श्रीरामलला को गुलाल अर्पित कर भक्तों के साथ फूलों की होली खेली जायेगी।

—————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होलिकोत्सव पर प्रदेश वासियो को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन वाले स्थलों, होलिकोत्सव, शोभा यात्रा की सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता

बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बेहतर ट्रैफिक मैनजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट के भी निर्देश दिए हैं।

———————

होली और जुमे की नमाज़ को दखते हुए प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार और एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ य़श ने प्रदेश के संवेदनशील ज़िलों में खास सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि मुख्य्य स्थानों पर निकलने वाले जुलूसों के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके अलावा भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी।

लखनऊ ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फरंगी महली ने उम्मीद जताई है कि होली और रमजान का दूसरा जुमा अमन के साथ सम्पन्न होगा। उन्होंने लोगों स अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। बाइट...

*इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने एडवाजरी जारी करके मस्जिदों के टाइमिंग को एक्सटेंट करावाया है और उसी के साथ–साथ हमारे हिन्दू भाइयों ने कई जगहों पर होली के बारात के टाइमिंग में बदलाव किये है। हमें उम्मीद है कि ये दिन दोनों कम्यूनिटी के अपने–अपने मजहबी अकीदे के मुताबिक ही मनायेंगे और किसी किस्म का कोई भी कन्फ्यूजन नहीं होगा और कोई भी अफवाहों पर ध्यान न दे और एक अच्छे माहौल में हम दिन को मनाया जाये, जिससे की अपने मुल्क की जो कम्यूनल हारमैनी है उसका एक अच्छा पैगाम इंटरनेशनल लेवर पर जाये।*

———————

नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा ने होली के मौके पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने लोगों से अपील की है कि वे बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और लाइनों के नीचे या आसपास होलिका दहन न करें।

वहीं होली के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्साधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। स्वास्थ्य विभाग किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड ने आज आरक्षी नागरिक पुलिस के 60 हजार 244 पदों पर भर्ती का रिजल्ट जारी कर दिया। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर

अपना परीक्षाफल देख सकते हैं। बीते साल अगस्त में हुई इस परीक्षा में लगभग 48 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से 12 हजार 48 बेटियां यूपी पुलिस का हिस्सा बनने जा रही हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रकृति—पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में चलाए गए कार्यक्रमों का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम स्तर पर लाना है। श्री योगी ने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों को सोलर सिटी बनाएगी। बाइट.....

*देश की पहली सोलर सिटी के रूप में हमने अयोध्या को विकसित किया है, जहां पर जितनी भी रिनीवल ऊर्जा बन रही है हमारी उसी से हमारी स्ट्रीट लाइट जलती है। स्ट्रीट लाइट के लिये हम हाइड्रो या थर्मल पावर का उपयोग नहीं करते। ऐसे ही 17 के 17 म्यूनिसपल कारपोरेशन को हम लोगों ने इसके साथ जोड़ने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश के 17 म्यूनिसपल कारपोरेशन सोलरसिटी के रूप में डेवलप है। हमने इसके लिये पालिसी बनाई है अच्छा इंसेटिव हम दे रहे हैं और 6 हजार मेगावट तक बना चुके है। अभी एक ग्रीन कारिडोर बुंदेलखंड में हम लोग तैयार कर रहे है। जहां 5 हजार मेगावट रिनीवल एनर्जी के माध्यम से पैदा करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं।*

—————————

विदश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में वेव्स शिखर सम्मेलन 2025 में भारत स्थित 100 से अधिक राजदूतों और उच्चायुक्तों से चर्चा की। केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन और महाराष्ट्र के म्ख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तेजी से बढ़ते मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए वेव्स एक एकीकृत वैश्विक मंच है, जहां दुनिया भरके क्रिएटर्स अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

—————————

मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में राज्य के पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि आने वाले दो से तीन दिनों में तापमान में गिरावट आएगी। बाइट.....

*जैसा कि पश्चिमी स्ट्रोक सक्रिय है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से तो आज हवा पर हल्की फुल्की बूंदाबादी गरज चमक के साथ हो सकती है। ये आने वाले चार दिनों तक बना रहेगा। जिस वजह से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बदलों की आवाजाही रहेगी। इस वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बूंदाबादी गरज चमक के साथ तापमान में 2 से 3 डिग्री आने वाले दिनों में थोड़ी कमी देखने को मिलेगी।*

—————————

लखनऊ की रोशन–उद–दौला, छतर मंजिल और मिर्जापुर के चुनार फोर्ट को अब हेरिटेज होटल के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन विभाग ने इस संबंध में गोल्डन ट्रायंगल फोर्ट एंड पैलेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक करार किय है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि तीनों प्रॉपर्टी पीपीपी मोड पर विकसित की जाएंगी।

(समाप्त)